क्रम-संख्या–138 (ड)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन० पी० 91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

# सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

# असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 18 अगस्त, 2021

श्रावण 28, 1943 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद

संख्या 5023/परिषद् / विनियम-2021

लखनऊ, 18 अगस्त, 2021

अधिसूचना

सा०प०नि०–57

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा अधिनियम, 1962 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 17 सन् 1962) की धारा 23 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके परिषद राज्य सरकार के अनुमोदन से सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली, 1996 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित विनियमावली बनाती है:–

### सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था (पंचम संशोधन) विनियमावली, 2021

1–यह विनियमावली सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था (पंचम संशोधन) विनियमावली, 2021 कही जायेगी। संक्षिप्त नाम

2–सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली, 1996, जिसे आगे उक्त विनियमावली कहा गया है, में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विनियम–2 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया विनियम रख दिया जायेगा, अर्थात:– विनियम 2 का संशोधन

| स्तम्भ–1<br>विद्यमान विनियम | स्तम्भ–2<br>एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम |
| --- | --- |
| (क) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा अधिनियम, 1962 से है; | (क) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा अधिनियम, 1962 से है; |
| (ख) प्रधानाचार्य और अध्यापक पद के सम्बन्ध में "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और अन्य पदों के सम्बन्ध में संस्था के प्रधानाचार्य से है; | (ख) प्रधानाचार्य / निदेशक पद के सम्बन्ध में "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य प्रबन्ध समिति तथा विभागाध्यक्ष, व्याख्याता, कर्मशाला अधीक्षक व पुस्तकालयाध्यक्ष के सम्बन्ध में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और अन्य पदों के सम्बन्ध में संस्थाओं के प्रधानाचार्य से है; |
| (ग) "पिछड़े वर्गों" का तात्पर्य, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है; | (ग) ए0आई0सी0टी0ई0 का तात्पर्य अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली भारत सरकार से है; |
| (घ) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय; | (घ) ए0जी0पी0 का तात्पर्य शैक्षिक ग्रेड वेतन से है, |
| (ङ) "संविधान" का तात्पर्य भारत का संविधान से है; | (ङ) "पिछड़े वर्गों" का तात्पर्य, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है; |
| (च) "राज्यपाल" का तात्पर्य, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है; | (च) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय; |
| (छ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है; | (छ) "संविधान" का तात्पर्य भारत का संविधान से है; |
| (ज) "संस्था" का तात्पर्य सरकार से सहायता प्राप्त किसी सम्बद्ध संस्था से है; | (ज) "राज्यपाल" का तात्पर्य, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है; |
| (झ) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और विनियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो, यदि कोई विनियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात् की गई हो; | (झ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है; |

| स्तम्भ–1 | स्तम्भ–2 |
|---|---|
| विद्यमान विनियम | एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम |
| (ञ) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह माह की अवधि से है। | (ञ) "संस्था" का तात्पर्य सरकार से सहायता प्राप्त करने वाली किसी सम्बद्ध संस्था से है;<br>(ट) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य विनियमावली के अनुसार और यदि विनियमावली न हो तो तत्समय सरकार द्वारा जारी कार्यकारी अनुदेशों द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात संवर्ग में किसी पद पर की गयी ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो;<br>(ठ) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह माह की अवधि से है। |

विनियम–14 का संशोधन

3–उक्त विनियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विनियम 14 के उप विनियम 5 और 6 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये उप विनियम रख दिये जायेंगे, अर्थात :–

| स्तम्भ–1 | स्तम्भ–2 |
|---|---|
| विद्यमान उप विनियम | एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप विनियम |
| (5)–चयन समिति आवेदन–पत्रों की संवीक्षा करेगी और विनियम–5 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुये उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को , जो अपेक्षित अर्हता रखते हों, साक्षात्कार के लिए बुलायेगी या छानबीन परीक्षण की व्यवस्था, जैसा कि वह उचित समझे कर सकती है। | (5)–सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली, 1996 (समय–समय पर यथा–संशोधित) में यथा निर्दिष्ट चयन समिति, आवेदन–पत्रों की संवीक्षा करेगी और विनियम–5 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलायेगी, ऐसे अभ्यर्थियों, जो लिखित परीक्षा में अर्ह होंगे, को साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा :<br>परन्तु यह कि उनके लिए अपेक्षित अर्हता पूर्ण करना आवश्यक होगा। |
| (6)–चयन समिति अभ्यर्थियों की उनकी प्रवीणताक्रम में जैसा कि साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को सूची में उच्चतर स्थान में रखा जायेगा। सूची मे नामों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से अधिक किन्तु पच्चीस प्रतिशत से ज्यादा अधिक नहीं होगी। | (6) (एक) चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा हेतु 80 प्रतिशत और साक्षात्कार हेतु 20 प्रतिशत अधिमान होगा।<br>(दो) चयन समिति अभ्यर्थियों की उनकी योग्यता/प्रवीणता के क्रम में व्याख्याता/कर्मशाला अधीक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष के चयन की स्थिति में जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त अंको और केवल प्रधानाचार्य/निदेशक एवं विभागाध्यक्ष के |

| स्तम्भ–1<br>विद्यमान उप विनियम | स्तम्भ–2<br>एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप विनियम |
|---|---|
| | चयन के मामले में साक्षात्कार में प्राप्त अंको से प्रकट हो, अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो चयन समिति सेवा हेतु उनकी सामान्य उपयुक्तता के आधार पर योग्यता के क्रम में उनके नामों को सुव्यवस्थित करेगी। सूची में नामों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से अधिक होगी (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी)। चयन समिति, सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी। |

विनियम–19 का संशोधन

4–उक्त विनियमावली के विनियम–19 में उप विनियम (4) के पश्चात निम्नलिखित उप विनियम (5) बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात:–

"(5)–प्रधानाचार्य पद के लिए, यदि कोई व्यक्ति, जो पहले से ही राज्य के किसी सरकारी सहायता प्राप्त पालीटेक्निक संस्थान में नियुक्त हो, राज्य के अन्य सरकारी सहायता प्राप्त पालीटेक्निक संस्था में रिक्ति के सापेक्ष विकल्प देने हेतु इच्छुक हो, तो उसे दोनों संस्थाओं के प्रबन्ध समिति की सहमति से स्थानान्तरित किया जा सकता है और ऐसे प्रधानाचार्य को वेतन/भत्ते आदि का भुगतान वर्तमान में नियोजित संस्था के वेतन/भत्तों के समान संदत्त किया जायेगा, ऐसा परिणामी रिक्त पद उस संस्था की चयन प्रक्रिया द्वारा भरा जा सकता है, जहाँ ऐसी रिक्ति होती है।"

परिशिष्ट–क का संशोधन

5–उक्त विनियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये परिशिष्ट 'क' के लिए मद संख्या–1, 2, 3, 5, 6 और 28 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दी गयी मदें रख दी जायेंगी, अर्थात :–

स्तम्भ–1 विद्यमान मदें — स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें

| सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली–1996 | | | | ए0आई0सी0टी0ई0 विनियम–2019 के अनुसार और दिनांक 03.05.2018 से समय–समय पर पुनरीक्षित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | पदनाम | भर्ती का स्रोत | वेतनमान | पद का नाम | भर्ती का स्रोत | वेतनमान |
| | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | प्रधानाचार्य 1–क– निदेशक, इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एवं रूरल टेक्नालाजी | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | 15600–39100 (पे बैण्ड–3) ग्रेड पे–7600/– | 1–प्रधानाचार्य/ निदेशक | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल–13क1 विशेष भत्ता–4500 रूपये |
| 2 | वरिष्ठ प्रवक्ता | संबंधित विषय के मौलिक रूप से नियुक्त प्रवक्ताओं, जिन्होंने विभाग में प्रवक्ता के रूप में कम से कम पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को छोड़ते हुए ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा। | 3000–100–3500–125–4500 रूपये | 2–विभागाध्यक्ष (अभियंत्रण विषय) | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल–13क1 |
| | | | | विभागाध्यक्ष (अभियंत्रणेत्तर विषय) | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल–13क1 |

| | स्तम्भ—1 विद्यमान मदें | | | स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | प्राविधिक विषय के प्रवक्ता | (एक)100 प्रतिशत चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा<br>**टिप्पणी**:—ऐसे सहायक प्रवक्ता, प्रवक्ता श्रेणी में सम्मिलित माने जायेगें जिन्हें समयमान—वेतनमान की व्यवस्था के अन्तर्गत रूपया—8000—13500 (जो प्रवक्ता का वेतनमान है) का वेतनमान स्वीकृत हो चुका हैं या भविष्य में स्वीकृत होगा। प्रवक्ता के उच्चीकृत पद किसी भी कारण से रिक्त होने की स्थिति में उनमें से प्रत्येक तीसरा पद स्वतः उत्सादित समझा जायेगा। | 8000—275—13500 रूपये | 3—व्याख्याता अभियंत्रण एवं तकनीकी शाखायें | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल—9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या—474 / सोलह —2—2020—138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16.03.2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। |
| 5 | कर्मशाला अधीक्षक | संबंधित शाखा के मौलिक रूप से नियुक्त अनुदेशकों, सहायक कर्मशाला अधीक्षक, सहायक प्रवक्ताओं, जो मैकेनिकल इंजीनियरिंग या आटो इंजीनियरिंग में परिषद् के डिप्लोमा अथवा सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता— प्राप्त अन्य अर्हता रखते हों और भर्ती के वर्ष में प्रथम दिवस को पन्द्रह वर्ष की ऐसी सेवा पूर्ण कर ली हो। उन व्यक्तियों, जो इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स (इंडिया) के एसोसियेट मेम्बर या टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल से डिप्लोमाधारी हों के लिये ऐसे दिवस को दस वर्ष की सेवा की आवश्यकता होगी।<br>या<br>मौलिक रूप से | 2200—75—2800—द0रो0—100—4000 रूपये। | 5—कर्मशाला अधीक्षक | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल—9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या—474 / सोलह —2—2020—138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16.03.2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। |

| स्तम्भ–1 विद्यमान मदें | | | | स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| | | नियुक्त ऐसे कर्मशाला अनुदेशकों जिनके पास औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाण–पत्र हो या सरकार द्वारा इसके समकक्ष कोई अन्य अर्हता रखते हो और भर्ती के वर्ष में प्रथम दिवस को इस रूप में पन्द्रह वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो, भी कर्मशाला अधीक्षक के पद की पदोन्नति के लिये पात्र होंगे। | | | | |
| 6 | प्रवक्ता (अप्राविधिक) | (एक) पचहत्तर प्रतिशत चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा, (दो) पच्चीस प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त अनुदेशकों और कनिष्ठ प्रवक्ताओं जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को पन्द्रह वर्ष की ऐसी सेवा पूर्ण कर ली हो, में से चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा उन व्यक्तियों, जो विषय में स्नातकोत्तर हों, दस वर्ष के अनुभव की आवश्यकता होगी। | 2200–75–2800–द०रो०–100–4000 रूपये। | 6–व्याख्याता (अभियंत्रणेत्तर विषय) | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह–2–2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16.03.2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। |
| 28 | पुस्तकालयाध्यक्ष | चयन–समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। | 1200–30–1560–द०रो०–40–2040 रूपये। | 28–पुस्तकालयाध्यक्ष | चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह–2–2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16.03.2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। |

परिशिष्ट–'ख'

6–उक्त विनियमावली में, परिशिष्ट–ख में नीचे स्तम्भ–1 में दी गयी मद संख्या–1,2,3,5,6 और 28 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दी गयी मदें रख दी जायेंगी, अर्थात :–

स्तम्भ–1

विद्यमान मदें

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें

| सरकार से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली, 1996 | | | | | | पदनाम | अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अनुसार अर्हता तकनीकी संस्था(डिप्लोमा) विनियम–2019 में अध्यापकों तथा अन्य शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग के लिए वेतनमान, सेवाशर्तें और अर्हतायें | आयु सीमा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | पदनाम | अर्हतायें: अनिवार्य | अर्हतायें: अधिमानी | आयु सीमा: न्यूनतम | आयु सीमा: अधिकतम | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1– | 1–प्रधानाचार्य 1–क– (निदेशक), इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एवं रूरल टेक्नालाजी, इलाहाबाद | 1–इंजीनियरिंग या प्राविधिकी में प्रथम श्रेणी की स्नातक उपाधि अथवा भौतिक विज्ञान / गणित / रसायन विज्ञान / अंग्रेजी / वणिज्य में प्रथम श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि।<br>2–सम्बन्धित संस्थान का ज्येष्ठतम प्रवक्ता, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड रूरल टेक्नोलॉजी के प्रधानाचार्य अथवा निदेशक पद हेतु आवेदन कर सकेगा।<br>3–विभागाध्यक्ष या प्रवक्ता के पद पर शिक्षण देने या किसी सरकारी सस्थान / विभाग / सार्वजनिक उपक्रम अथवा लिमिटेड कम्पनी में ज्येष्ठ प्रबंधकीय पद पर 10 वर्ष का अनुभव। इंजीनियरिंग या प्राविधिकी में स्नातकोत्तर उपाधिधारियों के लिये अनुभव में तीन वर्ष की शिथिलता।<br>4–हिन्दी का ज्ञान<br>**टिप्पणी**–सरकारी / सहायता प्राप्त संस्थाओं / संस्थानों / सार्वजनिक उपक्रमों एवं लिमिटेड संगठनों का अनुभव स्वीकार किया जायेगा और | इंजीनियरिंग / प्राविधिकी अथवा सम्बन्धित गैर तकनीकी विषयों में शोध कार्य | 35 वर्ष | 50 वर्ष | 1–प्रधानाचार्य / निदेशक | सीधीभर्ती:– प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 16 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में पी0एच0डी0 और स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम [illegible] जिसमें से कम से [illegible] तीन वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव और विभागाध्यक्ष के स्तर से अनिम्न व्यक्ति का 5 वर्ष का अनुभव हो।<br>**अथवा**<br>सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी तथा प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग के अध्यापन में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर न्यूनतम 20 वर्षों का अनुभव जिसमें से विभागाध्यक्ष के स्तर से अनिम्न व्यक्ति का 5 वर्ष का अनुभव हो। | 35 वर्ष | 50 वर्ष |

| स्तम्भ–1 विद्यमान मदें | | | | | | स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | उसकी गणना तभी की जायेगी जब अभ्यर्थियों ने विहित शैक्षिक अर्हतायें प्राप्त कर ली हो। | | | | | | | |
| 2– | वरिष्ठ प्रवक्ता | 1–इंजीनियरिंग या प्राविधिकी के सम्बन्धित विषय में पचपन प्रतिशत अंकों सहित स्नातक उपाधि अथवा एसोसियेशन आफ इंजी0 का ऐसोसियेट मेम्बर। 2–आठ वर्ष की व्यावसायिक अथवा शिक्षण अनुभव जिसमें से पाँच वर्ष का अनुभव प्रवक्ता के पद पर होना अनिवार्य है। इंजीनियरिंग अथवा प्राविधिकी में स्नातकोत्तर उपाधिधारियों के लिए अनुभव में दो वर्ष की शिथिलता। 3– हिन्दी का ज्ञान। | सम्बन्धित विषय में शोध कार्य | 28 वर्ष | 45 वर्ष | 2–विभागाध्यक्ष (अभियंत्रण विषय) | (क) सीधी भर्ती :– सुसंगत क्षेत्र में पी0एच0डी0 तथा सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 12 वर्षों का अनुभव हो जिसमें से न्यूनतम व्याख्याता (चयन ग्रेड–एक) के स्तर पर कम से कम 02 वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव होगा। **अथवा** प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 15 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से व्याख्याता (चयन ग्रेड–दो) के स्तर पर कम से कम 03 वर्षों का अनुभव हो। | 28 वर्ष | 45 वर्ष |
| | | | | | | विभागाध्यक्ष (अभियंत्रणेत्तर विषय) | (क) सीधी भर्ती :– सुसंगत क्षेत्र में पी0एच0डी0 और सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में | 28 वर्ष | 45 वर्ष |

| स्तम्भ–1 विद्यमान मदें | | | | | | स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | | | | | उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम् 12 वर्षों का अनुभव हो, जिसमें से न्यूनतम् व्याख्याता (चयन ग्रेड–एक) के स्तर पर कम से कम 2 वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव होगा। अथवा प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम् 15 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधि हो, जिसमें से व्याख्याता (चयन ग्रेड–दो) के स्तर पर कम से कम 3 वर्ष का अनुभव हो। | | |
| 3– | इंजीनियरिंग विषय में प्रवक्ता | 1–इंजीनियरिंग अथवा प्राविधिकी के सम्बन्धित विषय में पचपन प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उपाधि अथवा ए0एम0आई0ई0 (इण्डिया)। 2– हिन्दी का ज्ञान। टिप्पणी:–जहाँ सम्बन्धित विषय में मूल उपाधि नहीं दी जाती है या जहां वह उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हो वहां वैकल्पिक या विशेष विषय के रूप में सम्बन्धित विषय के साथ मूल स्नातक उपाधि पर विचार किया जायेगा। | 1–सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। 2–एक वर्ष का औद्योगिक अनुभव। टिप्पणी:– सरकारी / सहायता प्राप्त संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों अथवा लिमिटेड संगठनों का अनुभव स्वीकार्य होगा। | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 3–व्याख्याता अभियंत्रण और तकनीकी शाखायें | व्याख्याता (लेवल–9क, प्रविष्टि वेतन रू0–56,100 / –) की सीधी भर्ती के लिये (क) अभियंत्रण / प्रौद्योगिकी सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में प्रथम श्रेणी के साथ बी0ई0 / बी0टेक0 / बी0एस0 (ख) भेषजी प्रथम श्रेणी के साथ बी0फार्मा0 (ग) वास्तुकला प्रथम श्रेणी के साथ बी0आर्क0 अथवा किसी सहबद्ध क्षेत्र में 4 वर्षीय उपाधि। व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0–57,700 / –) की सीधी भर्ती के लिये (क) तकनीकी शाखाओं के लिये | 21 वर्ष | 40 वर्ष |

| स्तम्भ—1 विद्यमान मदें | | | | | | स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | | | | | चयन के समय में सुसंगत शाखाओं (ए0आई0सी0 टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक और स्नातकोत्तर की दो उपाधियों में से एक उपाधि में प्रथम श्रेणी। | | |
| 5— | कर्मशाला अधीक्षक | 1— मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि अथवा समकक्ष अर्हता और उत्पादन अनुरक्षण में दो वर्ष का औद्योगिक अनुभव अथवा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा समकक्ष अर्हता और उत्पादन और अनुरक्षण में आठ वर्ष का औद्योगिक अनुभव। 2— हिन्दी का ज्ञान। टिप्पणी—केवल सरकारी संस्थाओं / सार्वजनिक उपकमों अथवा लिमिटेड संगठनों का औद्योगिक अनुभव स्वीकार्य होगा। | —— | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 5—कर्मशाला अधीक्षक | यॉंत्रिक अभियंत्रण में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। | 21 वर्ष | 40 वर्ष |
| 6— | इंजीनियरिंग से भिन्न विषयों के प्रवक्ता | (1) 55 प्रतिशत अंक सहित द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। (2) हिन्दी का ज्ञान। | बी0एड0 या समकक्ष उपाधि | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 6—व्याख्याता (अभियंत्रणेत्तर विषय) | व्याख्याता (लेवल—9क, प्रविष्टि वेतन रु0—56,100 / —) की सीधी भर्ती के लिये (क) होटल प्रबन्धन और खानपान प्रौद्योगिकी—होटल प्रबन्धन और खानपान प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी के साथ न्यूनतम् 04 वर्षीय स्नातक उपाधि या उसके समकक्ष। (ख) फाइन आर्ट्स—फाइन आर्ट्स (अप्लाइड आर्ट्स पेन्टिंग और स्कल्पचर) की समुचित शाखा में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक उपाधि। | 21 वर्ष | 40 वर्ष |

| स्तम्भ–1 विद्यमान मदें | | | | | | स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | | | | | (ग) डिजाइन– डिजाइन में स्नातक उपाधि अथवा डिजाइन के किसी एक शाखा में न्यनूतम् 04 वर्षीय डिप्लोमा। फाइन आर्ट्स अप्लाइड आर्ट्स और वास्तुकला या अभियंत्रण में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक उपाधि या उसके समकक्ष। (घ) विज्ञान और मानविकी– समुचित विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0–57,700/–) की सीधी भर्ती के लिये (क) विज्ञान एवं मानविकी के लिये किसी सुसंगत विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोतर उपाधि या उसके समकक्ष और यू0जी0 सी0 या सी0एस0 आई0आर0 द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) अथवा एस0एल0ई0टी0/एस0ई0टी0 जैसे यू0जी0सी0 द्वारा प्रत्यायित कोई समान परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो। | | |
| 28 | पुस्तकालयाध्यक्ष | पुस्तकालय विज्ञान में दो वर्षीय डिप्लोमा के साथ स्नातक उपाधि। | ..... | 21 वर्ष | 32 वर्ष | 28–पुस्तकालयाध्यक्ष | 1. पुस्तकालय विज्ञान में कम से कम प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या उसके समकक्ष और कम्प्यूटर ज्ञान के साथ निरन्तर उत्कृष्ट शैक्षणिक अभिलेख। 2. यू0जी0सी0 द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ संचालित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा अथवा यू0जी0सी0 द्वारा यथा अनुमोदित अन्य समकक्ष परीक्षा में अर्हता हो। (क) डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं के लिये ऐसे पुस्तकालयाध्यक्ष, | 21 वर्ष | 40 वर्ष |

| स्तम्भ–1 विद्यमान मदें | | | | | | स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | | | | | जिनकी भर्ती डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में विद्यमान भर्ती नियमावली के साथ दिनांक 01.01.1996 और 15.03.2000 के मध्य हुई हो, ज्येष्ठ वेतनमान के मात्र अगले उच्चतर ग्रेड में सी0ए0एस0 के अधीन उच्चीकरण हेतु विचारगत किये जायेंगे। तथापि सी0ए0एस0 के अधीन अग्रतर उच्च संचलन हेतु उनसे उसी रीति से न्यूनतम् शैक्षिक अर्हता अर्जित किया जाना अपेक्षित होगा, जैसाकि ए0आई0सी0टी0ई0 अधिसूचना–2000 (उपाधि) और अनुवर्ती स्पष्टीकरणों / अधिसूचनाओं में निर्धारित है।<br>(ख) स्नातक स्तरीय संस्थाओं के लिये यथोक्त। | | |

टिप्पणी:–

1– व्याख्याता, विभागाध्यक्ष और प्रधानाचार्य के स्तर पर प्रारम्भिक सीधी–भर्ती के लिये शैक्षणिक और शोध अपेक्षाओं के सम्बंध में पात्रता शर्तें, विनियमों के माध्यम से अनुमोदित 40 विषयों के निमित्त ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा विहित किये जायेंगे या किये जा सकते हैं या किये गये हों।

2– विभिन्न संवर्गों में उच्चतर ग्रेड के वेतनों से संबंधित समस्त वृद्धियां, ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित अन्यून दो सप्ताह की अवधि के प्रत्येक दो पुनश्चर्या कार्यक्रमों और टी0ई0क्यू0 आई0पी0 द्वारा प्रायोजित प्रत्येक एक सप्ताह की अवधि के दो कार्यक्रमों के पूरा होने के अध्यधीन प्रभावी होंगी।

3– पी0एच0डी0 की समकक्षता, मुख्य लेखक के रूप में पदधारी के अन्यून 2.0 संचयी समाघात सूचकांक वाले प्रत्येक 05 अन्तराष्ट्रीय जर्नल पेपर प्रकाशित होने और लेखन विशेषज्ञता के क्षेत्र में 5 प्रकाशनों पर आधारित होगी।

4– पी0एच0डी0 किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होगी।

5– शोध अनुभव के मामले में उत्कृष्ट शैक्षणिक अभिलेख और पुस्तक / शोध पत्र प्रकाशन / आई0पी0आर0 / पेटेंट अपेक्षित होंगे, जैसा कि चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा उपयुक्त समझा जाय। यदि उद्योग में अनुभव पर विचार किया जाता है तो वही अनुभव उस प्रबन्धकीय स्तर पर होगा जो ऐसे विभागाध्यक्ष के समकक्ष होगा, जिसकी अभिकल्पन, नियोजन, निष्पादन, विश्लेषण, गुणवत्ता नियंत्रण, अभिनवीकरण, प्रशिक्षण, प्राविधिक पुस्तकों, शोध पत्र प्रकाशनों / आई0पी0आर0 / पेटेंट्स आदि में सक्रिय सहभागिता का कीर्तिमान हो जैसा कि चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा उचित समझा जाय।

औद्योगिक अनुभव का तात्पर्य निम्नलिखित से है :–

(एक) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्य करने के अनुभव के लिये अधिमान प्रदान किया जायेगा, तथापि निजी क्षेत्र पर भी विचार किया जा सकता है, परन्तु उद्योग के पास सफलतापूर्वक निरन्तर कार्य करने का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो।

(दो) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र (अनुभव) प्रस्तुत करने के पश्चात ही अनुभव पर विचार किया जा सकता है।

(तीन) उद्योग प्रचालन क्षेत्र, सुसंगत शाखा क्षेत्र से सम्बन्धित होगा।

(चार) अनुभव प्रमाण–पत्र में वर्क प्रोफाइल, पदनाम और सेवा अवधि सम्मिलित होंगे।

(पाँच) उद्योगों में की गई कुल सेवा का 50 प्रतिशत सेवा को अध्यापन अनुभव के समकक्ष माना जायेगा, परन्तु कुल अनुभव कम से कम 10 वर्ष और उससे अधिक का हो।

6–विभागाध्यक्ष और प्रधानाचार्य के पद हेतु प्रबंधन और नेतृत्व स्वभाव का होना आवश्यक है जैसा कि चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा उपयुक्त समझा जाय।

7–यदि वर्ग/श्रेणी न प्रदान की गई हो तो कुल योग का न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्रथम श्रेणी/वर्ग के समकक्ष समझा जायेगा, यदि ग्रेड प्वाइंट सिस्टम अपनाया जाता है तो सी0जी0पी0ए0 को निम्नानुसार समकक्ष अंकों में सपरिवर्तित किया जायेगा–

| ग्रेड प्वाइंट | समकक्ष प्रतिशत |
|---|---|
| 6.25 | 55% |
| 6.75 | 60% |
| 7.25 | 65% |
| 7.75 | 70% |
| 8.25 | 75% |

8–अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित पात्रता तथा शैक्षणिक अर्हताओं की समस्त शर्तें, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष की सीधी–भर्ती हेतु प्रयोज्य होंगी।

9–सरकारी संस्थाओं, संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या लिमिटेड संगठनों का ही अनुभव स्वीकार्य होगा और उसकी गणना अभ्यर्थी द्वारा विहित शैक्षिक अर्हता प्राप्त करने के पश्चात् की जायेगी।

10–आवश्यक अर्हता के संबंध में जहाँ संबंधित विषय में मूल उपाधि नहीं दी जाती है, वहाँ वैकल्पिक तथा विशेष विषय के रूप में संबंधित विषय के साथ प्रथम श्रेणी में मूल स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि पर विचार किया जायेगा।

11–अन्य समस्त शर्तें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (डिप्लोमा) विनियम–2019 के अनुसार लागू होंगी और समय–समय पर संशोधित की जायेंगी।

आज्ञा से,

सुनील कुमार सोनकर,

सचिव,

प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0।

---

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 5023/Parishad/Regulations-2021, dated August 18, 2021:

No. 5023/Parishad/Regulations-2021

*Dated Lucknow, August* 18, 2021

IN exercise of the powers under section 23 of the Uttar Pradesh Pravidhik Shiksha Adhiniyam, 1962 (U.P. Act no. 17 of 1962) *read* with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no. 1 of 1904), the Board with the approval of the State Government makes the following regulations with a view to amending the Uttar Pradesh Pravidhik Shiksha Institution Receiving Grant-in-Aid from the Government Regulations, 1996.

## THE UTTAR PRADESH PRAVIDHIK SHIKSHA INSTITUTION RECEIVING GRANT-IN-AID FROM THE GOVERNMENT (FIFTH AMENDMENT) REGULATIONS, 2021

**Short title**

1. **These regulations may be called the Uttar Pradesh Pravidhik Shiksha Institution Receiving Grant-in-Aid from the Government (Fifth Amendment)** Regulations, 2021.

Amendment of rugulation 2

2. In the Uttar Pradesh Pravidhik Shiksha Institution Receiving Grant-in-Aid from the Government Regulations,1996 hereinafter referred to as the said regulation for regulation set out in Column-I below, the regulation as set out in Column-II shall be *substituted*, namely:-

| COLUMN-I<br>*Existing regulation* | COLUMN-II<br>*Regulation as hereby substituted* |
|---|---|
| (a) 'Adhiniyam' means the Uttar Pradesh Pravidhik shiksha Adhiniyam, 1962 | (a) 'Adhiniyam' means the Uttar Pradesh Pravidhik Shiksha Adhiniyam, 1962 |
| (b) 'Appointing Authority' in reletion to the post of Prinicipal and teacher, means the Chairman of the Committee of Management and in relation to the other posts, means the Prinicipal of the Institutions; | (b) 'Appointing Authority'in relation to the post of Principal/Director means the Committee of Management, and to the post of Head of Department, Lecturer, Workshop Superintendent, Librarian means the Chairman of the Committee of Management and in relation to the other posts, means the Prinicipal of the Institutions; |
| (c) 'Backward classes' means the backward classes of citizens specified in Schedule-I of the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Casts, Scheduled Tribes and other Backward Classes) Act, 1994 as a amended from time to time. | (c) AICTE means All India Council of Technical Education New Delhi, Government of India. |
| (d) 'Citizen of India' means a person who is or is deemed to be a citizen of India Under Part-II of the Constitution | (d) AGP means Academic Grade Pay |
| (e) 'Consitution' means the constitution of India; | (e) 'Backward classes' means the backward classes of citizens specified in Schedule-I of the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Casts, Scheduled Tribes and other Backward Classes) Act, 1994 as amended from time to time. |
